## खबर संक्षेप

### निःशुल्क जल मंदिर का किया गया शुभारंभ



**शहडोल।** जल संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत बुढार सेक्टर क्रमांक-2 में सराहनीय पहल की गई। जन अभियान परिषद के नावांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समिति द्वारा ग्राम पंचायत पकडिया एवं जैतपुर चौराहा पर दो स्थानों पर निशुल्क जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया।

यह आयोजन न केवल जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करेगा। जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में इस प्रकार की गतिविधियां ग्रामीण स्तर पर जनभागीदारी को बढ़ावा दे रही हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों को शीतल पेयजल वितरित किया गया। इस पहल से क्षेत्र में गर्मी के मौसम में लोगों को राहत मिलेगी।

इस अवसर पर नामांकुर संस्था की अध्यक्ष श्रीमती मीनू जैन, ग्राम पंचायत पकडिया की प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष एवं सीएमसीएलडीपी विद्यार्थी लक्ष्मी सोनी, तथा पुरुषोत्तम सोनी, ग्राम पंचायत सेमरा से प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष एवं सीएमसीएलडीपी विद्यार्थी राधा प्रजापति, सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता पूर्णिमा मुखर्जी, विद्यार्थी संतोषी पनिका, दीपा बर्मन, रोहिणी बर्मन तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही।

### स्कूल चलें हम अभियान के तहत आयोजित हुए सांस्कृतिक, खेल एवं हार के आगे जीत कार्यक्रम

**शहडोल।** जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत सांस्कृतिक, खेल-कूद एवं शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ हार के आगे जीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालकों की सहभागिता रही, जिससे विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला।इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा उपस्थित पालकों को राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और बच्चों की शिक्षा में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया।कार्यक्रम के दौरान पिछले शैक्षणिक सत्र में 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के पालकों को सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने पालकों के सहयोग को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।

### 10 साल से अंगद की तरह पैर जमाए बैठे उप-पंजीयक

# तो उमरिया में भू-माफिया के रक्षक बने साहब

**उमरिया। जिले की धरती इन दिनों सोना उगल रही है, लेकिन यह सोना किसानों के हल से नहीं, बल्कि भू-माफियाओं के जाल और रजिस्ट्री दफ्तर के मैनेजमेंट से निकल रहा है। उमरिया में नियम-कायदे सिर्फ कागजों की शोभा बढ़ा रहे हैं, क्योंकि जमीनी हकीकत तो यह है कि यहां एकड़ और हेक्टेयर के खेत, चंद रुपयों की लालच में वर्ग फीट के टुकड़ों में कत्ल किए जा रहे हैं। बिना डायवर्जन, बिना रेरा और बिना किसी वैध अनुमति के अवैध कॉलोनियों का जाल बिछाया जा रहा है और इस पूरे खेल के महानायक बनकर जिला उप-पंजीयक आशीष श्रीवास्तव उभरे हैं।**




#### मैनेजमेंट का तगड़ा खेल

कहते हैं सरकारी तंत्र में नियम सबके लिए बराबर होते हैं, लेकिन आशीष श्रीवास्तव के मामले में ऐसा लगता है कि सरकार ने अलग ही नियमावली बना रखी है। ताज्जुब की बात देखिए, साहब पिछले 10 वर्षों से एक ही कुर्सी पर अंगद की तरह पैर जमाए बैठे हैं। प्रशासनिक गलियारों में चर्चा है कि इनका मैनेजमेंट इतना लोहे जैसा है कि सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, किसी के मुंह से इनके खिलाफ उफ़ तक नहीं निकलती। हद तो तब हो गई जब मई 2025 में इनका स्थानांतरण लखनादौन के लिए हुआ, लेकिन साहब की जड़ें उमरिया की मिट्टी में इतनी गहरी हैं कि साल बीतने को आया और वे आज भी यहीं डटे हुए हैं। क्या विभाग में किसी और की काबिलियत पर भरोसा नहीं है या फिर साहब का कमीशन मॉडल सिस्टम को इतना रास आ रहा है कि उन्हें कार्यमुक्त करना ही भूल गए।

#### साहब की नजर और फिक्स कमीशन

नियम कहता है कि जब एक ही खसरा नंबर से तीन से अधिक बटांक (टुकड़े) होते हैं, तो खतरे की घंटी बज जानी चाहिए। यह जानकारी सीधे तौर पर उप-पंजीयक कार्यालय के राडार पर होती है। उप-पंजीयक के पास अधिकार है कि वे ऐसी संदेहास्पद रजिस्ट्री पर रोक लगा सकें, लेकिन उमरिया में तो गंगा उल्टी बह रही है। चर्चा आम है कि साहब का हर रजिस्ट्री पर कमीशन फिक्स है। बिना सेवा शुल्क के यहां पत्ता भी नहीं हिलता, दस्तावेजों की जांच तो दूर की बात है, पहले जेब की गर्मी देखी जाती है। भले ही कलेक्टर धरणेंद्र जैन के मार्गदर्शन और एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह की सक्रियता से डबरौहा जैसे क्षेत्रों में अवैध कॉलोनाइजरों पर हंटर चलना शुरू हुआ है, लेकिन सवाल यह है कि जब ये अवैध सौदे हो रहे थे, तब उप-पंजीयक कार्यालय की आंखों पर कौन सी पॉलिथीन बंधी थी।

#### यह कहती है नियम की किताब


कानूनी रूप से यदि कृषि भूमि को बिना डायवर्जन के छोटे-छोटे प्लॉट के रूप में बेचा जा रहा है, तो उप-पंजीयक की यह नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है कि वे उस पर आपत्ति दर्ज करें। उप-पंजीयक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विक्रय पत्र में दी गई भूमि का उपयोग उसके वास्तविक स्वरूप (कृषि) के अनुसार ही हो रहा है या नहीं। यदि टुकड़े-टुकड़े कर आवासीय विक्रय हो रहा है, तो वे पंजीयन रोक सकते हैं। यदि कोई अधिकारी जानबूझकर नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले माफियाओं का साथ देता है, तो उन पर मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम और कदाचार की धाराओं के तहत विभागीय जांच और सेवा से बर्खास्तगी तक की कार्रवाई का प्रावधान है।

#### जनता को भगवान भरोसे छोड़े


उमरिया में भू-माफिया इतने बेखौफ हैं कि वे एग्रीमेंट पर ही जमीनों का सौदा कर रहे हैं। आम जनता अपनी गाढ़ी कमाई इन अवैध प्लॉटों में फंसा रही है, प्रशासन ने हाल ही में 14 लोगों को नोटिस थमाकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है, जो स्वागत योग्य है, लेकिन जब तक आशीष श्रीवास्तव जैसे पुराने खिलाड़ी कुर्सी पर बैठे रहेंगे, तब तक क्या निष्पक्ष जांच संभव है। शहर की चौपालों पर अब एक ही सवाल तैर रहा है कि क्या प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान के निर्देशों का असर इस अजेय उप-पंजीयक पर भी होगा या फिर हर बार की तरह मैनेजमेंट जीत जाएगा और उमरिया की जमीन इसी तरह लुटती रहेगी।

### भाई की मौत पर चक्काजाम किया तो वर्दीधारी ने मांगी रिश्वत

# खाकी पर रिश्वत का दाग







**शहडोल।** कहते हैं कि पुलिस मुसीबत में ढाल बनती है, लेकिन जयसिंहनगर थाने के एक साहब ने तो दुखों के पहाड़ पर ही अपनी कमाई का रास्ता खोज लिया। जिस परिवार ने सडक़ हादसे में अपना बेटा खोया, उसकी लाश पर संवेदना जताने के बजाय एएसआई एहसान खान ने राहत देने के नाम पर अपनी जेब गरम करने का रेट कार्ड जारी कर दिया। हालांकि, लोकायुक्त की दबिश ने साहब की वर्दी की सारी हनक उतार दी है।

#### लाश पर सौदा करने निकले थे साहब

मामला ग्राम गंधियां का है, जहां श्रवण कुमार साहू की मौत के बाद ग्रामीणों ने न्याय के लिए चक्काजाम किया था। पुलिस ने कानून का डंडा चलाते हुए 18 लोगों पर मामला दर्ज कर दिया। बस, यहीं से एएसआई एहसान खान का वसूली अभियान शुरू हुआ। जनाब ने आरोपियों को जमानत और केस में ढील देने के बदले प्रत्येक व्यक्ति से 2500 रुपये की मांग कर डाली। हद तो तब हो गई जब शिकायतकर्ता हरी दीन साहू से साहब ने पहले ही 2000 रुपये झटक लिए। शायद दरोगा जी को लगा था कि शोक में डूबा परिवार उनकी इस अवैध फीस पर खामोश रहेगा, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि उनके भ्रष्टाचार की हर बात वॉयस रिकॉर्डिंग में कैद हो रही है।

#### लोकायुक्त की आहट से फुर्र हुई चालाकी

गुरुवार को लोकायुक्त रीवा की टीम जब जयसिंहनगर पहुंची, तो साहब को शायद अपनी छठी इंद्री से खतरे का आभास हो गया। उन्होंने मौके पर पैसे लेने से हाथ खींच लिए, लेकिन कानून के हाथ उनके गिरेबान तक पहुंच ही गए। लोकायुक्त ने पूर्व में लिए गए रिश्वत के पुख्ता सबूतों और रिकॉर्डिंग के आधार पर एएसआई को थाने से ही हिरासत में ले लिया। शहडोल पुलिस की इस अद्भुत कार्यप्रणाली को सलाम है, जहां न्याय की उम्मीद में बैठे पीड़ित को अपराधी मानकर उससे भी मैनेजमेंट की उम्मीद की जाती है।

#### महकमे में हडक़ंप, साख पर सवाल

लोकायुक्त एसपी के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस कार्रवाई के बाद पूरे पुलिस विभाग में सन्नाटा पसरा है। सवाल यह उठता है कि क्या थानों में बैठे ऐसे वसूली एजेंटों पर लगाम कसने के लिए हर बार लोकायुक्त को ही आना पड़ेगा। फिलहाल, एहसान खान साहब लोकायुक्त के सवालों के घेरे में हैं और जयसिंहनगर थाने की साख सडक़ों पर पड़ी धूल फांक रही है।

# रेत माफिया के काले साम्राज्य पर देवलौंद पुलिस का प्रहार

### 6 ट्रैक्टर जब्त, अवैध खनन में मची खलबली



**शहडोल। जिले की जीवनदायिनी नदियों का सीना छलनी करने वाले रेत माफियाओं के खिलाफ शहडोल पुलिस ने अब तक का सबसे बड़ा मास्टर स्ट्रोक खेला है। पुलिस अधीक्षक के कड़े रुख और देवलौंद पुलिस की मुस्तैदी ने सोन नदी के किनारों पर चल रहे अवैध उत्खनन के नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस ने छापेमारी कर रेत से लदे 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत 30 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है।**

#### सूचना मिलते ही घेराबंदी, मौके पर दबिश

लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद, देवलौंद थाना पुलिस ने एक रणनीतिक घेराबंदी की। मुखबिरों से मिली सटीक जानकारी के आधार पर जब पुलिस टीम ने सोन नदी के तट पर दबिश दी, तो वहां अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके से पावर ट्रैक और सोनालिका जैसे नामी ब्रांडों के 6 ट्रैक्टरों को पकड़ा, जो अवैध रूप से उत्खनित रेत को खपाने की तैयारी में थे।

#### माफियाओं के हौसले पस्त

जिले में रेत का विधिवत ठेका न होने का फायदा उठाकर कुछ रसूखदार खनन माफिया सक्रिय थे। देवलौंद पुलिस की इस कार्रवाई ने स्पष्ट कर दिया है कि खाकी अब किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं करेगी। वाहन मालिकों और चालकों के खिलाफ खनिज अधिनियम व अन्य गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। शहडोल पुलिस की इस तत्परता ने न केवल सरकारी संपत्ति की चोरी रोकी है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम उठाया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह तो बस शुरुआत है; आने वाले दिनों में अवैध परिवहन पर और भी घातक प्रहार किए जाएंगे। इस कार्रवाई से समूचे जिले के खनन माफियाओं में हडक़ंप मचा हुआ है।

# सीईओ जिला पंचायत ने 60 सरपंचों के विरूद्ध वसूली के आदेश किए पारित

### समय सीमा में गबन राशि जमा नहीं करने पर निर्वाचन पर लगाई जाएगी 6 वर्ष की रोक

**उमरिया।** जिला पंचायत उमरिया अंतर्गत जनपद पंचायत मानपुर, पाली, एवं करकेली के पंचायत पदाधिकारी सरपंच द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं की राशि गबन के प्रकरण न्यायालय विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया मे मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89/92 के तहत पंजीबद्ध कर 59 प्रकरणों में 60 सरपंचो के विरूध्द वसूली के आदेश पारित किए गए है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 एवं 92 के तहत कुल 59 प्रकरण दर्ज किये जाकर 60 सरपंचों को जिला पंचायत उमरिया के एकल खाता पंजाब नेशनल बैंक शाखा उमरिया, नामे मुख्य कार्यपालन अधिकारी. जिला पंचायत उमरिया में जमा करने के निर्देश दिये जाने के पश्चात भी राशि जमा नहीं की जा रही है । प्रकरण में अन्य अनावेदक पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों के विरूद्ध पारित वसूली आदेश में वसूली योग्य राशि की कटौती नियमित रूप से उनके वेतन से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायतों द्वारा की जा रही है। उन्होने सरपंचों को 15 दिवस का अतिरिक्त अवसर देकर आदेशित किया है कि वसूली योग्य राशि शासकीय कोष में जमा कर पावती उपलब्ध करावें । राशि जमा नहीं करने की दशा में पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 (क) के तहत उनकी चल एवं अचल सम्पत्ति को सर्वजनिक रूप से नीलाम किया जाकर राशि की वसूली की जायेगी तथा उक्त सरपंचों को धारा 92 की सहायक धारा 5 के तहत कार्यवाही करते हुए 6 वर्ष की कलावधि के लिए किसी पंचायत से निर्वाचन के लिए आगामी 6 वर्ष के लिए निरर्हित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी साथ ही मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 के विहित प्रावधानों के तहत सिविल जेल की कार्यवाही की जावेगी।

# सड़कें होंगी सुरक्षित, सफर होगा सुहाना




### कलेक्टर ने दिए सडक़ों से मवेशी हटाने और शराबियों के लाइसेंस रद्द करने के निर्देश

**शहडोल। जिले की सडक़ों पर अब सफर न केवल सुरक्षित होगा, बल्कि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने एक ठोस कार्ययोजना तैयार कर ली है। विराट सभागार में आयोजित जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि मानवीय जीवन की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।**

#### अब गौशालाओं में होगा निराश्रित पशुओं का बसेरा

अक्सर सडक़ों के बीचों-बीच बैठने वाले मवेशी बड़ी दुर्घटनाओं का सबब बनते हैं। इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए कलेक्टर ने एक अनूठी पहल की है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल-देवलौंद, शहडोल-बुढ़ार और शहडोल-डिंडौरी जैसे व्यस्त मार्गों को चिन्हित कर वहां से मवेशियों को हटाया जाए। जिन स्थानों के 20 किलोमीटर के दायरे में गौशालाएं हैं, वहां ग्राम पंचायतें और नगरीय निकाय तत्काल मवेशियों को शिफ्ट करें। जहां गौशालाएं नहीं हैं, वहां समाजसेवी संस्थाओं और एनजीओ की मदद से वैकल्पिक गौशालाएं संचालित की जाएं।

#### शराब पीकर वाहन चलाने वालों की अब खैर नहीं

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सडक़ सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए परिवहन विभाग को निर्देशित किया है कि चेकिंग के दौरान जो भी चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाया जाए, उसका लाइसेंस तत्काल निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। इसके अलावा, वाहनों में आंखों को चुंधियाने वाली व्हाइट एलईडी डैजिंग लाइट का उपयोग करने वालों और इसे बेचने वाले दुकानदारों पर भी वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

#### हाई-रिस्क जोन में बनेगा सुरक्षा कवच

दुर्घटनाओं को शून्य पर लाने के लिए तकनीकी सुधारों पर भी चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहरी क्षेत्रों और स्टेट हाईवे की क्रॉसिंग वाले कस्बों में स्पेशल स्ट्रीप बनाई जाएंगी। दुर्घटना संभावित क्षेत्र पर स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड (साइन बोर्ड) और रोड सोल्डर का निर्माण प्राथमिकता से किया जाएगा।

#### पुलिस और प्रशासन का साझा मिशन

पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने बैठक में कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल चालान के डर से नहीं, बल्कि सुरक्षा के भाव से होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमों का कड़ाई से पालन कराने के साथ-साथ जिले में यातायात जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएं। विशेष रूप से राहगीर योजना के बारे में आम जनता को विस्तार से जानकारी दी जाए ताकि लोग मदद के लिए आगे आ सकें।

#### टीम वर्क से बदलेगी तस्वीर

बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति, जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती अनपा खान और यातायात प्रभारी संजय जायसवाल सहित अन्य विशेषज्ञों ने भी अपने सुझाव साझा किए। अधिकारियों का मानना है कि यदि सडक़ों से मवेशी हट जाएं और चालक नियमों का पालन करें, तो शहडोल की सडक़ों पर असमय होने वाली मौतों को पूरी तरह रोका जा सकता है। प्रशासन की इस सक्रियता से आम जनता में एक सकारात्मक संदेश गया है। अब उम्मीद है कि आने वाले दिनों में शहडोल का सडक़ नेटवर्क सुरक्षित और सुव्यवस्थित नजर आएगा।

# शहडोल के विकास को मिलेगी नई रफ्तार




### खनिज मद से संवरेगी शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल की सूरत

**शहडोल।** जिले के सर्वांगीण विकास और जन-सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित जिला खनिज प्रतिष्ठान के न्यास मण्डल एवं कार्यपालक समिति की महत्वपूर्ण बैठक में वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया। इस बैठक में जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल देखने को मिला, जहां जिले की बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए कई जनहितैषी निर्णयों पर मुहर लगाई गई।

**शिक्षा के क्षेत्र में कायाकल्प की तैयारी**

बैठक में भविष्य की पीढ़ी यानी विद्यार्थियों की सुविधा और सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने संवेदनशीलता दिखाते हुए निर्देश दिए कि जिले के उन सभी विद्यालयों को तत्काल चिन्हित किया जाए, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं। लक्ष्य यह है कि बरसात का मौसम शुरू होने से पहले इन स्कूलों की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई में कोई व्यवधान न आए। साथ ही, अतिक्रमण और सडक़ किनारे स्थित स्कूलों की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल निर्माण को प्राथमिकता दी गई है।

**स्वास्थ्य सेवाओं का होगा सुदृढ़ीकरण**

शहडोल की स्वास्थ्य व्यवस्था को आधुनिक और सुलभ बनाने के लिए न्यास मंडल ने खजाना खोल दिया है। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए नए डिलेवरी पॉइंट चिन्हित किए जाएंगे। जिला चिकित्सालय में आवश्यक स्वास्थ्य उपकरणों की कमी को दूर किया जाएगा। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला खनिज मद और रोगी कल्याण समिति के सहयोग से एक भव्य और व्यवस्थित नई ओपीडी के निर्माण का निर्णय लिया गया है।

**पेयजल संकट से निपटने का मास्टर प्लान**

भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में पानी की किल्लत दूर करने के लिए ठोस रणनीति बनाई गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से ग्रामीण अंचलों में नए नलकूपों का खनन कराया जाएगा। वहीं, शहरी क्षेत्रों की तात्कालिक जरूरत को देखते हुए नगरपालिका शहडोल, नगर पंचायत बुढ़ार और जयसिंहनगर को 2-2 नए पानी के टैंकर उपलब्ध कराए जाएंगे।

**जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर लगी मुहर**

बैठक में जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी, जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा ने क्षेत्र की जनता की मांग को प्रमुखता से रखा। उनके सुझावों पर अमल करते हुए गीता भवन निर्माण, नई सडक़ों का जाल बिछाने और छात्रावासों के निर्माण पर सहमति बनी। संवेदनशील पहल करते हुए शव वाहन की व्यवस्था करने का भी निर्णय लिया गया। गोहपारू थाना एवं तहसील भवन में सुरक्षा के लिहाज से बाउंड्रीवॉल निर्माण को मंजूरी दी गई।

**पारदर्शिता और बजट पर चर्चा**

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति ने बैठक में अब तक स्वीकृत कार्यों की प्रगति और वर्तमान में उपलब्ध बजट का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्रशासन का लक्ष्य कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष शहडोल घनश्याम जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष बुढ़ार श्रीमती शालिनी सरावगी सहित ब्यौहारी व जयसिंहनगर के अध्यक्ष एवं विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में यह स्पष्ट संदेश गया कि खनिज संपदा से प्राप्त आय का उपयोग अब शहडोल के उज्जवल भविष्य और जन-कल्याण के लिए पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा।

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश,**
**कुटुंब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस**

प्रकरण क्र.: 63/2026
आदेश दिनांक: 25/3/2026
पेशी दिनांक: 5/5/2026
प्रोसेस क्र.: 245/26

श्री अर्जुन सिंह कछवाहा पिता शैलेंद्र सिंह कछवाहा निवासी-उस्लापुर, रतन विला, सागा ले आउट, आकाश मार्ग बिलासपुर, थाना- सिविल लाईन, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

... आवेदक

विरुद्ध

श्रीमती वर्षा सिंह बघेल पिता के.पी सिंह निवासी- मार्फत पिता के. पी सिंह, बतुरा हाउस यूनियन, आफिस के बगल में, रावल मार्केत, ओ.पी.एम अमलाई जिला शहडोल (म.प्र)

... अनावेदिका

इस न्यायालय में आवेदक श्री अर्जुन सिंह कछवाहा ने अनावेदिका के विरुद्ध धारा 13A वस्ते विवाह विच्छेद बाबत आवेदन पत्र पेश किया है, जिसकी पेशी दिनांक 5/5/26 को है।

अनावेदिका श्रीमती वर्षा सिंह बघेल, उम्र 31, पति श्री अर्जुन सिंह, निवासी उस्लापुर बिलासपुर को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 5/5/26 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 5/5/26 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक /04/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक: 02-04-26
स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)

(आलोक कुमार)
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### हनुमान जयंती के अवसर पर नगर परिषद बनगवां में प्याऊ खुला



**राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) में गुरुवार को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर नगर परिषद (बनगवां) राजनगर के प्रांगण के बाहर गेट के बगल में सुबह 11 बजे सार्वजनिक प्याऊ का नगर परिषद के अध्यक्ष यशवंत सिंह एवं सभापति पार्वती पनिका, समय पटेल, एवं पार्षद गिरिजा विश्वकर्मा, कि उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। हनुमान जयंती की शुभ अवसर पर प्याऊ शुभारंभ के दौरान नगर के पत्रकार मनोज सिंह द्वारा हनुमान चालीसा का सभी को पाठ सुनाया गया। तत्पश्चात सचिन द्विवेदी मंडल महामंत्री द्वारा हनुमान गीत सभी को सुनाया गया। गीत समाप्ति पश्चात सभी उपस्थित जनों को नारियल एवं लड्डू का प्रसाद बांटा गया। इस दौरान यशवंत सिंह अध्यक्ष नगर परिषद द्वारा बताया गया कि, आगामी तीन से पांच दिनों को भीतर नगर परिषद क्षेत्र के सार्वजनिक नौ स्थानों पर पेयजल हेतु प्याऊ खोल दिये जाएगे। जिससे आगामी गर्मी के दिनों में नगर वासियों, राहगीरों, यात्रीयो को आवागवन के दौरान आसानी से पेयजल की सुविधा सुलभता से मिल सके। इस पेयजल शुभारंभ के दौरान नगर के गणमान्य उपस्थित जनों में सच्चिदानंद सिंह, राजू त्रिपाठी, कमलेश चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष, सचिन द्विवेदी मंडल महामंत्री, हरिलाल साकेत मंत्री, पत्रकार मनोज सिंह, पंकज शर्मा एवं अन्य सभी नगर परिषद महिला-पुरुष कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राजनगर बिजली सब स्टेशन के यार्ड में लगी आग



**राजनगर।** नगर परिषद बनगवां राजनगर क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार को सुबह दस बजे एसईसीएल कोल माइंस के राजनगर सब स्टेशन के यार्ड में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गयी। जिसकी सूचना नगर परिषद में मिलते ही नगर परिषद बनगवां अध्यक्ष यशवंत सिंह तथा उनके कर्मचारी एवं नगर परिषद कि फायर ब्रिगेड की टीम मौके से घटनास्थल पर पहुंचे। उस दौरान कालरी के अधिकारी गण भी मौके से सब स्टेशन पहुंचे गये थे। कुछ ही देर में नगर परिषद के फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा पानी के बौछार कर आग पर काबू पा लिया गया। जिससे लाखों रुपए केबल जलने से बच गये। कुछ घंटे पश्चात सामान्य रूप से बिजली सेवा प्रारंभ कर दी गई।

### शासकीय मॉडल स्कूल कोतमा में प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से किया गया आयोजित

**कोतमा।** शासकीय मॉडल स्कूल कोतमा में प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम धूम धाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष अजय सराफ, पार्षद अभिषेक सराफ, मनु सोनी एवं राजेंद्र सोनी के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, मेधावी छात्र छात्राओं का पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका कोतमा के अध्यक्ष अजय सराफ ने छात्र छात्राएं को कोतमा का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य के लिए बच्चों को और मेहनत करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षिका श्रीमती रजनी कुमारी ने किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राएं अभिभावक विद्यालय के सभी शिक्षक एवं प्राचार्य की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

चंदन-वंदन, पुष्पवर्षा और फूलमाला पहनाकर विद्यार्थियो को कराया गया शाला प्रवेश

# विद्यार्थी, देश के भविष्य, राष्ट्र उत्थान के लिए शिक्षा जरूरी: कलेक्टर

### उत्साह, हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव कार्यक्रम



**शहडोल। जिला मुख्यालय शहडोल के शासकीय रघुराज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में स्कूल चले हम अभियान के तहत कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, सदस्य योजना योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती फूलवती सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियो, अधिकारियो, अभिभावको एवं विद्यार्थियो की उपस्थिति में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास, उत्साह एवं उमंग के साथ प्रवेशोत्सव सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।**

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी देश के भविष्य है इनके योगदान से ही हमारे समाज और देश का उत्थान संभव है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षित करना शासन की मंशा है, यह तभी संभव होगा जब हम सब मिलकर बच्चे को शिक्षा के लिए प्रेरित करेंगे, शिक्षा से अनुशासन, सोच और सकारात्मक दिशा में बढने की क्षमता बढती है। उन्होने कहा कि बच्चो के अभिभावक विद्यालय के शिक्षको से बड़ी उम्मीदे रखते है कि मेरे बच्चे पढक़र लिखकर नाम रोशन करेंगे इन उम्मीदो को पूरा करना शिक्षको का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षक पूरी ईमानदारी, लगन और समर्पण के साथ विद्यार्थियो को शिक्षा दें जिससे आगे चलकर वे देश और समाज के विकास और उन्नति में अपने योगदान दे सकें। कलेक्टर ने कहा कि बच्चो को शिक्षा ग्रहण के लिए हमेशा प्रेरित करे जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि अभिभावक शासन द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ लेते हुए अपने बच्चो को बेहतर से बेहतर शिक्षा दिलाएं और उनका भविष्य मजबूत करें। छोटे छोटे बच्चो को ऑगनवाड़ी केंद्रो के माध्यम से भी बच्चो को प्राथमिक विद्यालयो के प्रवेश भी दिलाया जाता है।

सदस्य, जिला योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा ने प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार विद्यार्थियो को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा देने के लिए कार्य कर रही है। बच्चो को शिक्षित करना हम सबका नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियो को निःशुल्क साइकिले, पाठ्य सामग्री, छात्रवृत्ति, गणवेश जैसी अन्य सुविधा निःशुल्क प्रदाय की जा रही है। विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्कूटी तथा 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओ का लाभ लेते हुए अभिभावक अपने बच्चो को नियमित रूप से विद्यालय भेजे तथा बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करें। कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती फूलवती सिंह, अध्यक्ष नगरपालिका घनश्याम जायसवाल ने भी सम्बोंधित किया। कार्यक्रम में उपस्थिति जनप्रतिनिधियो एवं अधिकारियो ने नवप्रवेषित विद्यार्थियो को तिलक, पुष्पवर्षा एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत, कक्षा 9वीं प्रवेषित बच्चियो को साइकिल वितरित, उच्चतम अंको से परीक्षा उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियो को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हीरावती कोल, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण उमेश कुमार धुर्वे, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनंद राय सिंहा, डीपीसी अमरनाथ सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आर.के. मंगलानी, समाजसेवी रवींद्र वर्मा, प्रियम त्रिपाठी, ए.पी.सी. अरविंद पाण्डेय सहित विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, अभिभावक, विद्यार्थियो सहित अन्य लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम को संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने किया।

# फील्ड प्रशिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**उमरिया।** जिला पंचायत सभागार उमरिया में आयोजित तीन दिवसीय फील्ड प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का समापन कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस दौरान प्रथम दिन फील्ड प्रशिक्षकों को जनगणना 2027 का परिचय,प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कि विधि,कानूनी पहल एवं पर्यवेक्षकों की भूमिका एवं कर्तव्य,जनगणना की नींव का निर्माण,जनगणना में प्रयुक्त अवधाराणाएं और परिभाषा, प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के बीच सहभागिता की विधि, प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के साथ जुडाव की विधि, दूसरे दिन एच एल प्रश्न,1 से 16 , 17 से 34 प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को समझाने की विधि,एचएलओ मोबाइल एप की स्थापना प्रक्रिया और अवलोकन,विशेषताएं,एच एल ओ ऐप का उपयोग करके प्रगणकों व्दारा उत्तर भरने की विधि,पर्यवेक्षक व्दारा डाटा सत्यापन,स्व गणना एसई में प्रगणको और पर्यवेक्षकों की भूमिका तथा तीसरे दिवस क्विज टेस्ट, ऐप के उपयोग का क्या करें और क्या न करे, डाटा सुरक्षा, प्रगणको व्दारा परिवारों से संपर्क करने की विधि, इंकार, संवेदनशील स्थितियो और शिष्टाचार प्रोटोकॉल और प्रश्न पूछने की विधि को संभालना, जनगणना अवधाराओ, परिभाषाओं,प्रश्नो और मोबाइल एप पर फील्ड प्रशिक्षको व्दारा प्रशिक्षण वितरण अभ्यास और डाटा संग्रह के लिए प्रगणक और उत्तरदाता के बीच स्थिति आधारित भूमिकाएं,नमूना ले आउट मानचित्र तैयार करने, डाटा संग्रह और पास के निवास स्थान मे प्रगणक एवं पर्यवेक्षक की भूमिका का अनुभव करने के लिए फील्ड विजिट और प्रशिक्षण स्थल पर वापसी,फीड बैक , वैलेडिक्टरी के बारे मे बताया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर एवं सीईओ मानपुर प्रत्यूष श्रीवास्तव सहित फील्ड ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

# जनगणना प्रशिक्षण में साइबर सुरक्षा के संबंध में दी गई जानकारी



**उमरिया।** जिला पंचायत सभागार में तीन दिवसीय जनगणना संबंधी प्रशिक्षण का समापन कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन कि उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में साइबर सुरक्षा,डेटा नैतिकता, गोपनीयता,सुरक्षा तथा मोबाइल और वेब ऐप से जुड़ी समस्याओं का निवारण,ऐप के उपयोग और डेटा सुरक्षा के लिए क्या करें और क्या न करें,मूलभूत उपकरण सुरक्षा, लॉक और ब्लॉक नियम अंतर्गत बायोमैट्रिक लॉक, सार्वजनिक वाई फाई का उपयोग नही करने, सार्वजनिक यू एस बी का उपयोग नही करने,अप्रयुक्त सेवाओ को अक्षम करने, सोशल इंजीनियरिंग चेतावनी संकेत के तहत कोड स्कैम, नकली पर्यवेक्षक, हैंड ऑफ, नैतिकता और गोपनीयता के तहत फोन, उपकरण खो गया तुरंत रिपोर्ट करने, मोबाइल नंबर, सिम खोने पर तत्काल रिपोर्ट करने, कोई व्यक्तिगत सिंक नही,गोपनीयता महत्वपूर्ण,आपका फोन, आपकी जिम्मेदारी, घटनाओ की सूचना तत्काल देने, अपनी पहचान कभी साझा नही करने, अपना आईएमईआई सुरक्षित रखने, अपने डिवाईस को लॉक करने, सार्वजनिक नेटवर्क से बचने, गुम, चोरी हुई वस्तु की सूचना यथा शीघ्र देने, मोबाइल और वेब ऐप समस्याओ का निवारण, एचएलओ मोबाइल ऐप के लिए क्या करने संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर एवं सीईओ मानपुर प्रत्यूष श्रीवास्तव सहित फील्ड ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

# कल स्कूल चले हम अभियान के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम

### कलेक्टर शासकीय उत्कृष्ट उमावि में बच्चों से करेंगे संवाद

**उमरिया।** म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल एवं राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान अन्तर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2026 को जिले के समस्त शासकीय शालाओं में आयोजित किया जाना है। शासन के निर्देशानुसार 4 अप्रैल 2026 को भविष्य से भेंट कार्यक्रम अन्तर्गत जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी अधिकारी/कर्मचारियों को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड बच्चों के साथ संवाद करने हेतु शालाओं का आवंटन किया गया है।कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय उमरिया स्थित शासकीय उत्कृष्ट उमावि उमरिया में बच्चों से संवाद करेंगे।इसी तरह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह शासकीय बालक उमावि कॉलरी में, इसके साथ ही अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों को स्कूल आवंटित की गई है जो आवंटित स्कूल में पहुंचकर बच्चों से संवाद करेंगे।

# कोयलांचल में धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव



**कोतमा।** गुरुवार को भगवान राम के अनंत भक्त श्री हनुमान जन्मोत्सव का त्योहार पूरे नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। संकट मोचन हनुमान जी के सभी मंदिरों में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ मानस पाठ, सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ चलता रहा। पर्व को लेकर मंदिर प्रबंधन द्वारा पिछले कई दिनों से तैयारी की जाती रही जिसके अंतर्गत मंदिरों में साफ सफाई विशेष लाइटिंग के साथ आकर्षक ढंग से सजाया गया था। नगर के जकीरा चौक, हनुमान मंदिर तिराहा, धर्मशाला मंदिर, शारदा काली मंदिर, थाना परिसर मंदिर, पंचायती मंदिर, ठाकुर बाबा धाम मंदिर, लहसुई कैंप मंदिर, तहसील प्रांगण मंदिर, दैखल के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 हाइवे सड़क के किनारे बडे हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दिनभर पूजा पाठ के साथ भंडारे का आयोजन किया गया था। भारी संख्या में भक्तों ने पहुंच दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। शाम को ठाकुर बाबा धाम से पूजा पाठ के बाद हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में पुरुष, महिला एवं युवा भक्तों द्वारा शामिल होकर जयकारे लगाते हुए हनुमान जन्मोत्सव को मनाया गया। प्रशासन भी त्यौहार को लेकर अलर्ट मोड़ मे रहा जगह-जगह पुलिस की टीम तैनात होने के साथ लगातार पेट्रोलिंग पार्टी गस्त करती रही। थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल व राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार नगर भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लेते रहे। पूरे क्षेत्र में त्यौहार शांति व उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

# आबादी क्षेत्र में मधु मक्खियों के छत्तों से हादसे की आंशका

**कोतमा।** नगर के बाजार मुखर्जी चौक जाने वाले रास्ते मे पुराना पेट्रोल पंप के पास एवं गांधी चौक से आजाद चौक जाने वाले रास्ते में मधुमक्खियों के छत्तों से नगरवासी परेशान हैं। आए दिन कोई न कोई मधुमक्खियों के डंक का शिकार होते रहते हैं। आसपास के दुकानदार सहित लोगों को हमेशा भय बना रहता है कब किधर से मधुमक्खियों का झुंड हमला कर दे। ज्ञात हो कि इसी रास्ते से होकर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मॉडल स्कूल, सेंट जोसेफ स्कूल, नगर पालिका, अस्पताल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं का आवागमन होता रहता है। साथ ही आवागमन करने वालो का हर समय आना-जाना बना रहता है दुकानों मे भी हर समय ग्राहकों की भीड़ बनी रहती है। इन मधुमक्खियों के छत्तों को हटाने के लिए न तो वन विभाग के पास उपाय है और न ही नगर



पालिका ने मधुमक्खियों को हटाने का प्रयास किया हैं। किसी प्रकार का कोई उपाय नहीं होने से नागरिकों में आक्रोश पनप रहा है। गांधी चौक से आजाद चौक एवं टर्निंग पॉइंट से पुराना पेट्रोल पंप के पास के घरों के बाहर मधुमक्खियों के छत्ते लगे होने के कारण जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### कीट वैज्ञानिकों की सलाह

कृषि विभाग के कीट वैज्ञानिकों से मिली जानकारी के अनुसार मधुमक्खियों को उनके छत्तों व क्षेत्र से भगाने के लिए कच्चे नीम व पैरावट के साथ में आग लगाकर धुआं कर सकते हैं। नीम के कड़वे धुएं से मधुमक्खी छत्ता छोड़ कर भाग जाते हैं। उनका कहना हैं, कि अगर मधुमक्खियों के छत्ते अधिक संख्या में हों, तो वहां पर कम से कम एक से दो घंटे तक धुआं करें, पर यह काम शाम के समय करने पर सबसे कारगर होगा। अन्यथा दिन में किसी पर हमला भी कर सकते हैं। ऐसा करने पर दोबारा मधुमक्खी उस स्थान में नहीं आते। पिछले वर्ष कालेज की छात्राएं मधुमक्खियों के हमले से घायल हो गई थीं। जिसके बाद भी स्थानीय प्रशासन व वन विभाग द्वारा मधुमक्खी के छत्तों को हटाने की पहल नहीं किया गया। जिससे कभी भी बड़ी घटना होने की आशंका बनी रहती है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत दीवार लेखन के साथ ही आम जन से किया जा रहा संवाद



**उमरिया।** जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला ने बताया कि जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में दीवार लेखन का कार्य व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। गांव-गांव एवं सार्वजनिक स्थलों पर आकर्षक एवं प्रेरणादायक नारों के माध्यम से आमजन को जल के महत्व एवं उसके संरक्षण के लिए जागरूक किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत जन अभियान परिषद की नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियां सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। समितियों के सदस्य न केवल दीवार लेखन के माध्यम से संदेश दे रहे हैं, बल्कि आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें जल स्त्रोतों के संरक्षण,वर्षा जल संचयन तथा स्वच्छता के महत्व के प्रति भी जागरूक कर रहे हैं। दीवारों पर लिखे जा रहे प्रेरक संदेश जैसे जल है तो कल है, हर बूंद की करें बचत और जल संरक्षण, जीवन संरक्षण लोगों को गहराई से प्रभावित कर रहे हैं और उन्हें इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।इस जनभागीदारी आधारित पहल के परिणामस्वरूप क्षेत्र में जल संरक्षण को लेकर सकारात्मक वातावरण निर्मित हो रहा है। आमजन भी इस पुनीत कार्य में बढ़-चढक़र भागीदारी निभाते हुए अभियान को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से प्रशासन एवं समाज के संयुक्त प्रयासों से जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देने की दिशा में सार्थक पहल की जा रही है।

# वाटर कूलर लोकार्पण, मेधावी छात्रों का सम्मान व निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण



### जमुना कालरी स्कूल में प्रवेश उत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**बदरा/जमुना।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जमुना कालरी में "स्कूल चले हम अभियान" के अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात अतिथियों का मंच पर पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रामअवध सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशांक आमों की उपस्थिति में विद्यालय परिसर में नए वॉटर कूलर का भव्य लोकार्पण किया गया। यह वॉटर कूलर नगर पालिका एवं केंट के आरओ संचालक सचिन जायसवाल द्वारा प्रदान किया गया, जिससे विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया गया तथा शासन की योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण भी किया गया। साथ ही कक्षा 9वीं एवं 11वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में कुमकुम प्रजापति, यशराम निषाद, नवीन सिंह, यासमीन, साधना सोनी एवं दीपिका पासी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रामअवध सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने स्कूल चले हम अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपील की। वहीं विद्यालय के प्राचार्य अवध राज सोलंकी ने कहा कि प्रवेश उत्सव का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाना और उन्हें विद्यालय से जोड़ना है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अनुशासन और मेहनत के साथ पढ़ाई कर विद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में इंजीनियर उमेश त्रिपाठी, वरिष्ठ शिक्षक अमित राहा, संतोष चौरसिया पत्रकार, पार्षद सरोज लोधी, दिवाकर विश्वकर्मा, सचिन जायसवाल, अजय यादव सहित विद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन वरिष्ठ शिक्षक अमित कुमार राहा एवं महेंद्र दास चौधरी द्वारा किया गया। खुशनुमा वातावरण में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**खबर संक्षेप**

## नरवाई जलाने वाले किसानों पर लगेगा पर्यावरणीय मुआवजा

**शहडोल।** प्रभारी उप संचालक कृषि अनुराग पटेल ने बताया कि गेहूं एवं अन्य फसलों के अवशेष (नरवाई) को खेतों में जलाना तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। ऐसा करते पाए जाने पर संबंधित कृषक/संस्था पर पर्यावरणीय मुआवजा लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अनुसार 2 एकड़ या उससे कम भूमि धारक पर 2500 प्रति घटना 2 एकड़ से अधिक और 5 एकड़ से कम भूमि धारक पर ?5000 प्रति घटना, 5 एकड़ से अधिक भूमि धारक पर 15000 प्रति घटना का जुर्माना लगाया जाएगा। यह निर्णय मध्यप्रदेश शासन, पर्यावरण विभाग की अधिसूचना के तहत लिया गया है। फसल अवशेष जलाने से होने वाले प्रदूषण, आगजनी की घटनाओं, आमजन के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव तथा भूमि की उर्वरा शक्ति के नुकसान को ध्यान में रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163(1) के अंतर्गत उमरिया जिले में नरवाई जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। हार्वेस्टर मशीन संचालकों के लिए निर्देशित किया गया है कि वे स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम या स्ट्रॉ-रीपर मशीन का उपयोग कर फसल अवशेषों को भूसे में परिवर्तित करें। साथ ही, फसल कटाई शुरू करने से पहले उप संचालक, किसान कल्याण एवं कृषि विकास कार्यालय में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। यदि कोई कृषक बिना स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम के कटाई हेतु दबाव बनाता है, तो संबंधित हार्वेस्टर संचालक को इसकी सूचना ग्राम पंचायत निगरानी समिति (पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, ग्राम कोटवार या थाना प्रभारी) को देना होगा। आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए मशीन संचालकों को अग्निशमन उपकरण, रेत एवं पानी की व्यवस्था रखना अनिवार्य किया गया है।



## बुढ़ार: जय श्री राम के जयकारों से गुंजायमान हुआ नगर, धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती





**बुढ़ार।** गुरुवार को नगर में हनुमान जयंती का पर्व बेहद हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के समस्त हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा और धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज रही।

### मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और भंडारा

नगर के प्रमुख सिद्ध पीठों पर सुबह से ही विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहेः,नारायण सरोवर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर,थाना रोड हनुमान मंदिर,स्वयं सिद्ध हनुमान मंदिर (लखेरन टोला),बिजली ऑफिस के समीप बरम बाबा मंदिर,हनुमान मंदिर (सरई कांपा)इन सभी मंदिरों में श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संकटमोचन की विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जहाँ हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### बजरंग दल ने निकाली भव्य बाइक रैली

हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में बजरंग दल द्वारा एक विशाल सनातन शोभायात्रा निकाली गई। मैहुल श्रीवास्तव के नेतृत्व में यह बाइक रैली नगर के श्रीराम जानकी मंदिर से प्रारंभ हुई।मार्गः रैली मेन मार्केट से होते हुए धनपुरी मार्ग की ओर रवाना हुई।उत्साहः पूरी शोभायात्रा के दौरान युवाओं की टोली 'जय श्री राम' और 'वीर हनुमान' के गगनभेदी नारे लगाती रही, जिससे पूरा नगर धर्ममय हो गया।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

आयोजन के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। नगर निरीक्षक विनय सिंह गहरवार के निर्देशन मेंः
नगर के कोने-कोने पर पुलिस बल तैनात किया गया।सभी प्रमुख मंदिरों और शोभायात्रा मार्ग पर पुलिस की पैनी नजर रही।पुलिस की सक्रियता के चलते संपूर्ण कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## शासकीय सांदीपनि विद्यालय बुढार में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साह मय मनाया गया



**बुढार।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय बुढार में प्रवेशोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया और नवीन प्रवेशी छात्रों का स्वागत किया गया।
म.प्र. शासन के जनजातीय कार्य विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तथा जिला कलेक्टर केदार सिंह, संभागीय उपायुक्त जे.पी. यादव एवं सहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा के निर्देशन में सांदीपनि विद्यालय, बुढार में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम गरिमामय एवं उत्साह वातावरण में आयोजित किया गया।
कार्यक्रम के मुख्यातिथ संभागीय उपायुक्त जे.पी. यादव स्वयं रहे, जिन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा वादनी मां सरस्वती जी की प्रतिमां के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रवेशोत्सव के अवसर पर कक्षा-1 के 3, कक्षा-6 के 9 एवं कक्षा-9 के 25 नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक वंदन कर व माल्यार्पण कर विधिवत प्रवेश कराया गया, और सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की गईं तथा कक्षा-9 के पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल प्रदत्त की गई।
कार्यक्रम में विद्यालय के शैक्षणिक उत्कृष्टता में अव्वल छात्रों को सम्मानित किया गया, जिसमें कक्षा-11 की वार्षिक परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा रितु गुप्ता रही जिन्हें विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सी.बी. शुक्ला द्वारा व्यक्तिगत रूप से एक हजार रुपये का नगद पुरस्कार मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रदान कराया गया और विद्यार्थियों में विशेष उत्साह का संचार देखा गया।सांदीपनि विद्यालय के नवाचारी शिक्षक हरेराम सिंह द्वारा विगत 5 दिनों से प्रत्येक छात्रों को कॉल करके 1 अप्रैल से विद्यालय निरंतर आने के लिए प्रेरित किया गया।जिसका परिणाम यह रहा कि, विद्यालयीन कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत रही और पूरे विद्यालय की उपस्थिति भी अति सराहनीय रही।सांदीपनि विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेवारानी पांडेय ने मुख्यातिथ का स्वागत-अभिनंदन करते हुए नवप्रवेशी छात्रों का भी तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यातिथ संभागीय उपायुक्त जे.पी. यादव ने छात्रों एवं शिक्षकों से संवाद करते हुए उन्हें प्रेरित किया तथा भविष्य में विद्यालय में छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों में प्रेरणा प्रदान किये जाने एक भव्य कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देश दिये।
श्री यादव ने विद्यालय की पुस्तकालय का निरीक्षण किया और पुस्तकालय प्रभारी श्रीमती



श्रुति गौतम के कार्यों को संतोष प्रद पाया।
विद्यालय के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक सी.बी. शुक्ला एवं श्रीमति प्रगति त्रिपाठी द्वारा कविता एवं स्वरचित गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।
कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र त्रिपाठी एवं हरे राम सिंह ने किया।
इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थित रही, जिससे प्रवेशोत्सव कार्यक्रम पूरा उत्सव मय वातावरण से सराबोर रहा।

## 10 पेटी अंग्रेजी शराब सहित ई रिक्शा किया जब्त, चार आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शराब का अवैध रूप से परिवहन करते हुए चार व्यक्तियों के पास से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब सहित ई रिक्शा भी जब्त किया है। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देश में ऑपरेशन शिकंजा के तहत की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा अवैध शराब विक्रय करने वाले आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके पालन में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के नेतृत्व चौकी निवार प्रभारी अंजनी मिश्रा द्वारा ऑपरेशन शिकंजा के तहत संयुक्त टीम बनाकर दविश दी एवं आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस द्वारा जिन आरोपितों को पकड़कर शराब जब्त की गई उनमें विपिन राजपाल पिता प्रीतम राजपाल 26 वर्ष निवासी महंगवा थाना स्लीमनाबाद के कब्जे से 150 पाव गोवा विस्की कीमती 18000 एवं एक ई रिक्शा कुल कीमती 218000 रूपये, 2 अभिषेक चौधरी पिता विनोद चौधरी 26 वर्ष निवासी पडरभटा थाना स्लीमनाबाद से 150 पाव कीमती 18000/रुपए, 3 सूरज कोल पिता गेंदलाल कोल 26 वर्ष निवासी पडरभटा से 100 पाव गोवा विस्की कीमती 12000 एवं नीरज कोल पिता गेंदलाल कोल 32 वर्ष निवासी पडरभटा के कब्जे से 100 पाव गोवा विस्की कीमती 12000 रूपये कुल कीमती मसरूका 260000 का जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी गणों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट का प्रकरण पृथक पृथक दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

कार्यवाही चौकी प्रभारी निवार अंजनी मिश्रा, सउनि कमलेश्वर शुक्ला, प्र.आर. मनीष असैया, गौरव सेन, देवेश कुमार आरक्षक अरविंद, वकील यादव की भूमिका रही।

## खेत में पड़ा मिला युवक को अधजला शव

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कन्हवारा में बुधवार दोपहर एक खेत में 32 वर्षीय आदिवासी युवक का अधजला शव मिला। ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। कुठला पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा और जांच शुरू की। मृतक की पहचान कन्हवारा निवासी 32 वर्षीय छब्बू कोल, पिता मुन्ना कोल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया यह नृशंस हत्या का मामला प्रतीत होता है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि अज्ञात आरोपी ने युवक के सिर पर पत्थर या ईंट जैसी भारी वस्तु से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने और पहचान छिपाने के इरादे से शव को जलाने का प्रयास किया गया। घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार डेहरिया ने बताया कि पुलिस को कन्हवारा के एक खेत में शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मर्ग कायम कर लिया गया है। फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने किया औचक निरीक्षण, होटल में मिलीं अव्यवस्थाएं

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को पन्ना तिराहा स्थित होटल सत्कार कैफे एंड रेस्टोरेंट में औचक निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच की। निरीक्षण के दौरान होटल में कई गंभीर अव्यवस्थाएं सामने आईं, जिस पर संचालक अंशुल जैन को सुधार सूचना पत्र जारी किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान पाया गया कि होटल में कार्यरत कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र एवं प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं थे। साथ ही पेस्ट कंट्रोल से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी मौके पर प्रस्तुत नहीं किए गए। साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई।

## अपने भगवान संग रथयात्रा पर निकले हनुमानजी





### जन्मोत्सव पर जलाभिषेक के बाद महाआरती

### हवन पूर्णाहुति पश्चात भव्य रथयात्रा

### नगर में आयोजित हुए भण्डारे

**धनपुरी ।** सुप्रसिद्ध श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में स्थित श्री श्री 1008 श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीहनुमान जन्मोत्सव सेवा समिति व हिंदू धार्मिक संस्था के तत्वधान में हनुमान महोत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर सुबह प्रातः 9 बजे से जलभिषेक महाआरती व पूर्णाहुति हवन हुआ जो दोपहर 12:00 बजे तक चलता रहा। सर्वप्रथम हनुमान जी की महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों महिलाओं पुरुषों ने आरती सहभागिता निभाई ।
नगर के मध्य स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह से ही भगवान श्री हनुमान जी की पूजा पाठ को लेकर भक्तों का तांता लगा रहा। हनुमान जी की पूजा पाठ आरती मे सैकडो भक्तजन नारियल, मीठा, पकवान आदि लेकर मन्दिर पहुच रहे थे जो मंदिर में चल रहे अनुष्ठान मे शामिल हुए।

### महाप्रसाद वितरण एवं भडारा

श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन दोपहर 1बजे से शाम 5 बजे तक समिति के द्वारा किया गया जहां तकरीबन 10,हजार श्रद्धालु जनों ने प्रसाद ग्रहण किए। सर्वप्रथम ब्राह्मण भोज एवं कन्या भोज के उपरांत भंडारा आयोजन शुरू किया गया। समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा भण्डारे के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी जहां सभी लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया और लोगों को किसी प्रकार से परेशानी नहीं हुई।

### विशाल शोभायात्रा

श्री राधा कृष्ण मंदिर से शाम 6 बजे भव्य शोभायात्रा आरंभ हुई जिसके लिए सैकड़ों भक्तजन मंदिर परिसर में पहले से ही एकत्र थे। रथ में विराजे पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम-लक्ष्मण माता सीता हनुमान जी की झांकी गाड़ियों के काफिले के साथ निकली। रथ के आगे सैकड़ों महिलाएं पुरुष व बच्चे शोभायात्रा में शामिल होकर कतार बद्ध पताका लेकर आगे आगे चल रहे थे। साथ में भगवान श्री राम लक्ष्मण सीता हनुमान जी की झांकी के साथ चलचित्र व सैकड़ों लोग शोभायात्रा में शामिल थे। शोभायात्रा इमामबाड़ा होते हुए आजाद चौक पहुंची जहां से माइकल चौक, 1नम्वर, गोफ चौराहा होते हुऐ जुलूस गुरु नानक टॉकीज होते हुए विकास लाज पोस्ट ऑफिस दूरभाष केंद्र होते हुए आजाद चौक होते हुए श्री राधाकृष्ण मंदिर पहुंचकर भंडारा में तब्दील हो गई।

### जुलूस का जगह-जगह स्वागत

रामलला अंजनी पुत्र का जुलूस का काफिला श्रीराधे कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होते हुए नगर के विभिन्न स्थलों से जुलूस निकला जहां जगह-जगह स्वागत करने को लेकर आतुर रहे श्रद्धालुजन जैसे ही जुलूस पंडाल के पास पहुंचा, फ्रूटी, शरबत, पानी पाउच, कोल्ड ड्रिंक, फ्रूट सलाद,खीर आदि का स्वागत किया गया।

### सेवा भाव से रहे समर्पित

हनुमान जयंती सेवा समिति, हिंदू धार्मिक संस्था, के अध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, बृजवासी अग्रवाल,रमेश गुप्ता, एसपी सिंह राजू अग्रवाल आनंद मोहन जयसवाल राजेश सोनी, अजय जयसवाल, शैलेश गुप्ता, विजय प्रकाश शर्मा,, गणेश गुप्ता, सुजीत जायसवाल सुजीत जैन राजेश अग्रवाल, रतन चौकसे,संदीप गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, विनोद रजक ,लक्ष्मण सोनी, तिलक राज सोनी, सैकड़ों कार्यकर्ता हनुमान महोत्सव के अवसर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवा भाव से लगे हुए थे।

### सम्मानित हुए

हरि माधव सिंधी समाज के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालु जनों का चप्पल जूता रखने की व्यवस्था समाज के द्वारा की गई थी जिसकी समिति के द्वारा ऐसे नेक काम करने वाले को ह्रदय से आभार व सम्मानित किए गए।

### सुरक्षा व्यवस्था में जुटी पुलिस

शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस बल रही तैनात रहे गुरुवार को सुबह से ही पुलिस बल जगह-जगह तैनात रही धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह पेंद्रो पुलिस दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाने में डटे रहे।

## अनियंत्रित ट्रक पलटा, चालक को आई गंभीर चोट

**कटनी।** रीठी मोहास बायपास पर बुधवार को केमिकल से भरा एक ट्रक पलट गया। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक गुजरात से सिंगरौली की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन को बचाने के प्रयास में हुआ। केमिकल से भरा ट्रक स्पीड में था। चालक ने अचानक ब्रेक लगाए। वाहन को तेजी से मोड़ने की कोशिश की, जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत मदद की। ग्रामीणों ने केबिन में फंसे घायल ट्रक चालक को बाहर निकाला। तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। ट्रक पलटने से कटनी-दमोह मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात घंटों बाधित रहा। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

## आजाद चौक का फव्वारा बना दिखावा

**पेयजल के लिए भटकते दुकानदार-राहगीर, करोड़ो बजट पर सवाल**

**फव्वारा रंग-बिरंगी लाइटें बंद पड़ा,चारों ओर वाहनों गिरा**



**धनपुरी।** नगर का हृदय स्थल कहे जाने वाला आजाद चौक इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति के कारण लोगों के आक्रोश का केंद्र बना हुआ है। लाखों रुपये खर्च कर लगाए गए फव्वारे और उसके चारों ओर पूर्व में लगाई गई रंग-बिरंगी लाइटिंग अब पूरी तरह बंद पड़ी है, जिससे सौंदर्यीकरण की पूरी योजना फेल नजर आ रही है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि भीषण गर्मी के इस मौसम में भी फव्वारा बंद है। फव्वारे के आसपास का दृश्य और भी चिंताजनक है। चौक से गुजरने वाले टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर वाहनों से गिरा कोयला और धूल चारों ओर फैली रहती है, जिससे पूरा क्षेत्र गंदगी का अड्डा बन गया है।

सबसे गंभीर समस्या पेयजल को लेकर सामने आ रही है। आजाद चौक जैसे व्यस्त स्थल पर शुद्ध पेयजल की कहीं कोई व्यवस्था नहीं है। गर्मी के दिनों में दुकानदार और राहगीर पानी के लिए भटकते रहते हैं। चौक पर लगे हैंडपंप बंद पड़े हैं, जिससे लोगों को मजबूरी में निजी दुकानों या होटलों का सहारा लेना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि फव्वारा साल के अधिकांश समय बंद ही रहता है। बरसात और ठंड के करीब आठ महीनों तक यह पूरी तरह निष्क्रिय रहता है और गर्मी में भी इसका संचालन नहीं हो पाता। जिस फव्वारे को लोगों को राहत देने और चौक को आकर्षक बनाने के लिए तैयार किया गया था, वह अब केवल दिखावे का साधन बन गया है।
आजाद चौक की स्थिति सिर्फ फव्वारे तक सीमित नहीं है। चौक के आसपास जगह-जगह गड्ढे, टूटी सड़कें और अधूरी प्रकाश व्यवस्था नगर पालिका के दावों की पोल खोल रही हैं। शाम होते ही अंधेरा छा जाता है, जिससे सुरक्षा को लेकर भी खतरा बना रहता है।
वहीं बैठने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने से बुजुर्ग, महिलाएं और आमजन यहां रुककर आराम भी नहीं कर पाते।
गौरतलब है कि नगर पालिका हर वर्ष करीब 123 करोड़ रुपये का बजट पेश करती है, इसके बावजूद नगर के इस प्रमुख स्थल पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव कई सवाल खड़े करता है। आजाद चौक वार्ड क्रमांक 17, 18, 20 और 22 को जोड़ने वाला मुख्य केंद्र है, लेकिन संबंधित जनप्रतिनिधियों की उदासीनता साफ दिखाई दे रही है।
नगर पालिका परिषद पूर्व की बैठक में उपाध्यक्ष ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए कहा था कि "नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थल को उपेक्षित नहीं छोड़ा जा सकता। गर्मी में फव्वारा आमजन के लिए राहत का माध्यम बन सकता है, यदि इसे नियमित रूप से संचालित किया जाए।" उन्होंने फव्वारे के पुनर्निर्माण, आधुनिक लाइटिंग, पेयजल और बैठने की व्यवस्था विकसित करने की मांग भी रखी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।
अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब गर्मी के चरम समय में भी आजाद चौक का फव्वारा बंद है, लाइटिंग बंद है और लोगों को पानी तक नहीं मिल रहा, तो आखिर नगर पालिका कब जागेगी? नगरवासियों को इंतजार है कि कब यह हृदय स्थल अपनी खोई हुई रौनक, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाएं वापस पाएगा।

## आदर्श महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का किया गया आयोजन



**उमरिया।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम अचला (धनवाही) में 30 मार्च से 5 अप्रैल 2026 तक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.सी.बी.सोदिया के संरक्षण एवं कार्यक्रम अधिकारी रेम सिंह हटीला के नेतृत्व में 50 स्वयं सेवकों के साथ किया गया । शिविर के प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह में छात्र-छात्राओं को शिविर की मूल विषयवस्तु युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता से जागरूकता महाविद्यालय के डॉ परमेश्वर सिंह मरावी, डॉ अरुणेंद्र बहादुर,डॉ विजय डाबर सहायक प्राध्यापकों द्वारा स्वयंसेवकों एवं ग्राम वासियों को प्रदान की गई।पूर्णतः ग्रामीण वातावरण में शासकीय माध्यमिक विद्यालय अचला के भवन में महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा प्रातः कालीन योगाभ्यास प्रभात फेरी के बाद परियोजना कार्य के अंतर्गत मंदिर की साफ सफाई एवं मरम्मत कार्य दल नायक भूपेंद्र उपाध्याय ,टीम लीडर रोहित रघुवंशी,लवकुश जायसवाल,सुजीत यादव द्वारा किया गया।सामूहिक सहयोग द्वारा स्वयं निर्मित सुपाच्य भोजन के उपरांत बौद्धिक सत्र में छात्र-छात्राओं को स्वयंसेवकों को डिजिटल अवेयरनेस की जानकारी डॉ.राजीव तिवारी, डॉ.अरुणेंद्र सिंह एवं डॉ परमेश्वर सिंह द्वारा प्रदान की गई । कार्यक्रम अधिकारी रेम सिंह,डॉ जुगल किशोर,महेंद्र कनोजिया,सूरज द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वयंसेवक होने का अर्थ,स्वयंसेवक होने के फायदे एवं स्वयं को समाज से जुड़ने का उपयुक्त माध्यम राष्ट्रीय सेवा योजना बताते हुए छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया । शिविर के आगामी दिवसों में विभिन्न सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रमों में डिजिटल साक्षरता को युवाओं से जोड़ना एवं समाज को डिजिटल साक्षरता के प्रति जागरूक करना, सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज सेवा करना, श्रमदान,पर्यावरण संरक्षण उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### नये शैक्षणिक सत्र का मनाया गया प्रवेश उत्सव

**सिलौंडी।** सिलौंडी के सभी शासकीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ जिसमें बच्चो को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। शासकीय स्कूलों में बच्चों के प्रवेश बढ़ने के उद्देश्य से एक रैली निकाली गईं जिसमें शासकीय स्कूलों की सुविधाओं को बताया गया इस दौरान संकुल प्राचार्य चंद्र कुमार परसावर विशाल सिंह बरकड़े प्राचार्य, अशोक हलदकार, तुलसी राम नामदेव, सत्यप्रकाश तनेजा, रविकांत राय,, पवन कोहली, सुभाष सिंह बागरी अंकित सिंह बागरी सुन्दर सिंह रैकक्षी भरत कुमार गुप्ताश्री पंकज कुलेश्री मुकेश चंद सोनी श्रीमति श्वेता जैन, जितेन्द्र सेठी, लागुरी कुमारी, नेहा राय कुमारी अंजली ,दिव्या सिंह अंकिता पारसी, मेघा राय आशीष हल्दकार, सुनीता कुशवाहा ,अंकुल बर्मन मिचेल राव, अमोद बोधरीमुरण पटेल जीतू सहित विद्यार्थियों की मौजूदगी रही।

### नाली निर्माण में मानको का नहीं हो रहा पालन

**उमरियापान।** जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की घुघरी ग्राम पंचायत में चल रहे नाली निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है। नाली निर्माण में लोहे एवं सीमेंट की गुणवत्ता उच्च स्तर का उपयोग नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मनमाने तरीके से कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच करने मांग की है।

### काव्य संग्रह अनुभूति का विमोचन समारोह 17 को

**कटनी।** जनपरिषद के तत्वाधान में शुक्रवार 17 अप्रैल को आयोजित साहित्य संध्या में कवि सुरेश सोनी ऋतुराज की काव्य कृति रअनुभूतिर का विमोचन होगा। इस भव्य समारोह में देश के प्रतिष्ठित रचनाकार और मीडियाकर्मी शामिल होंगे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश वर्मा का सानिध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक संदीप जायसवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की मौजूदगी रहेगी। समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार राजेश बादल भोपाल द्वारा काव्य कृति अनुभूति की समीक्षा प्रस्तुत की जाएगी। अन्य अतिथियों में कलेक्टर आशीष तिवारी, एसपी अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा और बार एसोसिएशन एवं जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अमित शुक्ला की भी उपस्थिति रहेगी।

### विशेष अभियान में ननि को मिला 1.26 करोड़ रुपये का राजस्व

**कटनी।** नगर निगम द्वारा बकाया करों की वसूली हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वित्तीय वर्ष के अंतिम दिवस उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई। अंतिम दिन 1765 करदाताओं ने शासन द्वारा अधिभार में प्रदान की गई छूट का लाभ उठाते हुए 1 करोड़ 26 लाख 82 हजार 529 रुपये की बकाया कर राशि निगम कोष में जमा की। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 25 हजार 704 रसीद काटी जाकर 1283.20 लाख रुपये की वसूली की गई थी। जबकि इस वित्तीय वर्ष 2025-2026 में 31 हजार 358 रसीदें काटी जाकर 1647.01 लाख रुपये संपत्ति कर के रूप में निगम कोष में जमा कराये गए है। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-2026 में संपत्ति कर में कुल वसूली का आधिक्य 363.81 लाख रुपये 28.35 फीसदी अधिक है।



## जिले भर में धूमधाम से मनाया गया श्री हनुमान प्राकट्योत्सव

# तुम रक्षक काहू को डरना..

### निकाली गई विशाल शोभायात्रा, जगह-जगह हुये भण्डारे का आयोजन

### कलेक्टर हर्षल पंचोली व एसपी रहमान साहब ने भी की पूजा अर्चना

**अनूपपुर। हनुमान जयंती के अवसर पर जिले भर के मंदिरों में कई बड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहरों में कई भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई तो वही मंदिरों में सुंदरकांड पाठ आयोजित हुआ, हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों को खूबसूरत तरीके से सजाया गया। मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ के साथ ही अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। जगह-जगह भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों की भीड़ देखते ही बन रही थी। जिले भर में हनुमान जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हनुमान मंदिरों में विशेष श्रृंगार, पूजन, महाआरती, सुंदरकांड पाठ के साथ प्रसाद वितरित किया गया। जगह-जगह भंडारों का आयोजन भी हुआ।**

श्री हनुमत प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में अखंड रामायण का पाठ का समापन हुआ वहीं, हनुमान जी का दूध, दही, घी, शहद, चीनी, पंचामृत, अष्टगंध, गुलाब जल, गंगाजल से स्नान कराकर दुग्धाभिषेक किया गया। भव्य आरती हुई एवं भोग प्रसाद लगाया गया। भक्त हाथ में भोग लिए प्रभु के दर्शन को आतुर दिखे। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर जहां जिला मुख्यालय के इंदिरा तिराहा के पास मंदिर समिति तथा सामतपुर व बस्ती स्थित केशरी नंदन हनुमान मंदिर समिति द्वारा विशाल शोभायात्रा निकालकर शहर भ्रमण किया जहां भारी भीड़ के बीच जय हनुमान जय सिया राम गुंजायमान हो रहा था। अनूपपुर जिले के सबसे पुराने प्राचीन हनुमान मंदिर सामतपुर में हनुमान जन्मोत्सव पर अनूपपुर जिले के कलेक्टर हर्षल पंचोली पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान में हनुमान मंदिर पहुंचकर सुबह बड़े शिद्दत और मन्नत के साथ जन्मोत्सव पर भाव पूजा अर्चना की।





### रेलवे कॉलोनी अनूपपुर हनुमान मंदिर में भव्य जन्मोत्सव, भंडारा

फिल्टर हाउस रेलवे कॉलोनी आदर्श हाईस्कूल रेलवे के बगल अनूपपुर मे प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में 02 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का भव्य समारोह मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भोग प्रसाद पाया। आयोजक समिति के सदस्य सुदेव चटर्जी, बद्रीनाथ नाथ तिवारी, सूर्या राव उर्फ गुंडू ने बताया कि यह आयोजन प्रतिवर्ष यहां आयोजित किया जाता है, और इसमें पूरे कॉलोनी के अलावा नगर के कई लोग भी शामिल होते हैं। इस तरह के आयोजनों से लोगों में भक्ति और एकता की भावना बढ़ती है। हनुमान जी एक ऐसे देव हैं जो शक्ति, साहस और भक्ति का प्रतीक हैं।

### मार्कंडेय आश्रम अमरकंटक में मनाई गई हनुमान जयंती

पवित्र तीर्थनगरी अमरकंटक स्थित श्री मार्कंडेय आश्रम में भगवान हनुमान जयंती का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा, जहाँ दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से पवनपुत्र हनुमान जी की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में विशेष पूजन-अर्चन, सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ प्रारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भगवान हनुमान जी का विधिवत अभिषेक एवं भव्य श्रृंगार किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। आश्रम के संत-महात्माओं ने हनुमान जी के आदर्शों भक्ति, सेवा, निष्ठा एवं समर्पण पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्ममार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्म ऋषि रामकृष्णानंद जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि "कलयुग में साक्षात भगवान के रूप में हनुमान जी ही भक्तों के कष्टों का निवारण करते हैं। वे शक्ति, पराक्रम के साथ-साथ विनम्रता और निष्काम सेवा के सर्वोत्तम प्रतीक हैं।" इस पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन की मधुर स्वर लहरियाँ निरंतर गूंजती रहीं, जिससे समूचा वातावरण भक्तिरस में डूबा रहा।

# सेवा का संकल्प, सुरक्षा का संबल

### हनुमान जयंती पर अनूपपुर पुलिस अधीक्षक का जनहित में अनोखा नवाचार

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** हनुमान जयंती के अवसर पर अनूपपुर पुलिस ने जनसुविधा और यातायात जागरूकता को जोड़ते हुए 'यातायात सुरक्षा एवं सेवा प्याऊ' की शुरुआत की। इस व्यवस्था में राहगीरों के लिए निःशुल्क ठंडा पानी, हेलमेट बैंक और लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने इसका शुभारंभ किया। पहल का उद्देश्य भीषण गर्मी में राहत देने के साथ लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। जिला मुख्यालय में हनुमान जयंती के अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा एक जनहितकारी पहल की शुरुआत की गई, जिसके तहत 'यातायात सुरक्षा एवं सेवा प्याऊ' स्थापित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य भीषण गर्मी के दौरान राहगीरों को राहत प्रदान करने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए स्वयं लोगों को शीतल जल पिलाकर इसकी शुरुआत की। इस व्यवस्था की खास बात यह है कि एक ही स्थान पर तीन अलग-अलग सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जहां एक ओर सेवा प्याऊ के माध्यम से लोगों को निःशुल्क पानी दिया जा रहा है, वहीं हेलमेट बैंक के जरिए दोपहिया वाहन चालकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सुविधा भी मौके पर दी जा रही है। इस पहल के जरिए पुलिस विभाग ने जनसुविधा और यातायात सुरक्षा को एक साथ जोड़ने का प्रयास किया है, जिससे आम नागरिकों को सीधे लाभ मिल सके।







### सेवा प्याऊ से गर्मी में राहत

भीषण गर्मी को देखते हुए स्थापित किए गए सेवा प्याऊ का उद्देश्य राहगीरों को तत्काल राहत प्रदान करना है। यहां आने-जाने वाले लोगों को निःशुल्क ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे खासतौर पर राह चलते श्रमिकों, यात्रियों और आम नागरिकों को राहत मिल सके। गर्मी के मौसम में पानी की कमी कई बार लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती है, ऐसे में यह व्यवस्था उपयोगी साबित हो रही है। पुलिस विभाग द्वारा सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की सुविधा शुरू करना इस बात का संकेत है कि प्रशासन केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों की दैनिक जरूरतों को भी ध्यान में रख रहा है। इससे लोगों को मौके पर ही राहत मिल रही है।

### हेलमेट बैंक से सुरक्षा पर जोर

इस पहल के तहत हेलमेट बैंक की व्यवस्था भी की गई है, जहां दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कई लोग बिना हेलमेट वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटना के समय गंभीर जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में हेलमेट बैंक के माध्यम से लोगों को सुरक्षा के महत्व की जानकारी दी जा रही है।जरूरतमंदों को हेलमेट उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी इस पहल का हिस्सा है, जिससे लोग तत्काल इसका उपयोग शुरू कर सकें। पुलिस द्वारा इस तरह की पहल का उद्देश्य नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के साथ-साथ दुर्घटनाओं में होने वाली हानि को कम करना है। यह कदम सड़क सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### लर्निंग लाइसेंस की आसान सुविधा

यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने के लिए लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सुविधा भी इस केंद्र पर उपलब्ध कराई गई है। आमतौर पर लाइसेंस बनवाने के लिए लोगों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे समय और संसाधनों की खपत होती है। इस व्यवस्था के तहत मौके पर ही आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग वैध दस्तावेजों के साथ वाहन चला सकें। इससे न केवल नियमों का पालन बढ़ेगा, बल्कि सड़क पर अनुशासन भी बेहतर होगा। यह सुविधा खासतौर पर युवाओं और नए वाहन चालकों के लिए उपयोगी साबित हो रही है।

### जनजागरूकता और संयुक्त पहल

यातायात सुरक्षा एवं सेवा प्याऊ केवल एक सुविधा केंद्र नहीं, बल्कि जनजागरूकता का माध्यम भी है। यहां आने वाले लोगों को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट के उपयोग और सुरक्षित ड्राइविंग के बारे में जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद जैन, यातायात थाना प्रभारी विनोद दुबे, पत्रकार एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे। इस तरह की संयुक्त पहल से पुलिस और आमजन के बीच संवाद भी मजबूत होता है। साथ ही लोगों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मदद मिल सकती है।

## अमरकंटक के जमुना दादर में भीषण अग्निकांड, पलभर में राख हुई पूरी गृहस्थी

### मौत के मुहाने से लौटे पांच लोग, आग इतनी भयंकर की बर्तन तक पिघल गए



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15, जमुना दादर गली नंबर 2 में 1-2 अप्रैल की दरम्यानी रात करीब 12 बजे एक भीषण आगजनी की घटना सामने आई। इस हादसे में राजकुमारी बाई (उम्र 36 वर्ष), पिता गुलाब सिंह के कच्चे झोपड़ी मकान में अचानक आग लग गई, जिससे घर में रखा संपूर्ण गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि आग लगने के समय झोपड़ी के अंदर सो रहे पांचों लोग महिला, उसका 6 वर्षीय पुत्र, बहन, बहनोई और मौसी समय रहते बाहर निकल आए, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी भीषण थी कि घर में रखे लोहे और एल्युमिनियम के बर्तन तक जलकर विकृत हो गए और उनकी आकृति बिगड़ गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और टीन की अलमारी, कपड़े, बिस्तर, चद्दर, कंबल, पलंग, रसोई के बर्तन, राशन, सोने-चांदी के आभूषण, गुल्लक में रखे करीब 6 हजार रुपए, विद्युत पंखा सहित अन्य सामग्री पूरी तरह नष्ट हो गई। इतना ही नहीं, बच्चे के स्कूल के दस्तावेज, आधार कार्ड, समग्र आईडी सहित सभी जरूरी कागजात भी आग की भेंट चढ़ गए। सूचना मिलते ही नगर परिषद अमरकंटक की अग्निशमन टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। उल्लेखनीय है कि प्रभावित झोपड़ी के आसपास करीब 50-60 अन्य झोपड़ियां स्थित हैं। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा यह हादसा और भी भयावह रूप ले सकता था। पीड़िता राजकुमारी बाई, जो मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती है और सोशल मीडिया पर रील बनाकर भी सक्रिय रहती थी, ने बताया कि आग की इस घटना में उसका सब कुछ तबाह हो गया है। उसके महंगे वस्त्र, मेकअप का सामान और मोबाइल से जुड़े संसाधन भी नष्ट हो गए। अब उसके सामने सबसे बड़ी चिंता यह है कि वह अपने परिवार के साथ कहां जाए और कैसे जीवन को फिर से शुरू करे। पीड़िता ने भावुक होकर बताया कि उसने पाई-पाई जोड़कर अपना घर और सामान तैयार किया था, जो एक ही रात में खत्म हो गया। इस घटना के बाद परिवार के सामने रहने और खाने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। घटना की सूचना थाना अमरकंटक में दे दी गई है और पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**राजेन्द्रग्राम।** म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल, विनोद कुमार वर्मा व्यवहार न्यायाधीश/सचिव के मार्गदर्शन में तहसील न्यायालय राजेन्द्रग्राम द्वारा 01 अप्रैल शासकीय संदीपनी मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुष्पराजगढ़ एवं 02 अप्रैल शासकीय कन्या षिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़ में विद्यालय प्रवेष उत्सव के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन कुमार शंखवार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं निखिल सिंघई व्यवहार न्यायाधीष कनिष्ठ खंड द्वारा मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यापर्ण कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित सम्मस्त स्टाफ उपस्थित रहें। निखिल सिंघई व्यवहार न्यायाधीष कनिष्ठ खंड द्वारा स्कूल में उपस्थित छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया गया। साइबर अपराध के विभिन्न प्रकारों में फिषिंग, पहचान की चोरी, रैंसमवेयर, हैकिंग, सोषल मीडिया, साइबर स्टॉकिंग और सॉफ्टवेयर पायरेसी शामिल हैं। फिष्गि सबसे आम साइबर अपराधों में से एक है। जिसका उपयोग अक्सर संवेदन शील जानकारी चुराने के लिये किया जाता है। साइबर क्राइम से बचने के लिए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। टू-फैक्टर ऑथेंटिकेषन सक्रिय रखें, और व्यक्तिगत/बैंकिंग जानकारी किसी से साझा न करें। सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग करने से बचें, सॉफ्टवेयर को अपडेट रखें, और किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेष की तुरंत रिपोर्ट करें। इस प्रकार साइबर अपराध से बचा जा सकता है। पवन कुमार शंखवार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा स्कूल में उपस्थित छात्र-छात्राओं शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह, दहेज प्रतिषेध कानून, मौलिक अधिकार एवं कर्त्तव्य, लोक अदालत, मध्यस्थता, विधिक सलाह एवं सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया।

## बेटियां भविष्य की मजबूत नींव, कन्या विद्यालय बस्ती में प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



**अनूपपुर।** शासकीय एकीकृत कन्या माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर बस्ती में 01 अप्रैल को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख अजय कुमार प्रसाद ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद कंचन सिंह एवं विशेष अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद सुभाष पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों का तिलक वंदन कर उनका स्वागत किया गया एवं शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिए गए। इस अवसर पर अभिभावकों, जनशिक्षक रामकुमार राठौर, शिक्षक सविता प्रजापति, एस. स्वाति राव, विद्या राठौर की सक्रिय सहभागिता रही। सभी शिक्षक एवं अतिथि शिक्षकों द्वारा छात्राओं को पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पार्षद कंचन सिंह, अजय कुमार, सविता, स्वाति राव, विद्या राठौर, मिथुन कहार एवं संतोष कुशवाहा द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करते हुए कक्षा 1 से 8 तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री कंपास बॉक्स तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को रजिस्टर वितरित किए गए। साथ ही डालियां मैडम द्वारा सभी बच्चों को फ्रूटी वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। उल्लेखनीय है कि कक्षा 1 से 8 तक सभी छात्राओं की उपस्थिति शत-प्रतिशत रही। कार्यक्रम के समापन पर संस्था प्रमुख अजय कुमार प्रसाद ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। यह प्रवेशोत्सव न केवल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला रहा, बल्कि छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त पहल भी सिद्ध हुआ।

## केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में किया पुस्तकोपहार कार्यक्रम का उत्साह के साथ आयोजन

**अनूपपुर।** केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में विद्यार्थियों द्वारा परोपकार, परमार्थ एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना से ओत-प्रोत होकर पुस्तकोपहार कार्यक्रम का बड़े ही उत्साह के साथ आयोजन किया गया। प्रातः कालीन बेला में प्रार्थना सभा के दौरान प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में विद्यार्थियों द्वारा अपनी पिछली कक्षा की पुस्तकों का बंडल बनाकर प्राचार्य को सौंपा गया प्राचार्य ने उन पुस्तकों को पुस्तकालयाध्यक्ष सचिन पवार को सौंप कर आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को सौंपने का निर्देश दिया तत्पश्चात प्राचार्य ने पुस्तकोपहार के महत्व को समझाते हुए अपना उद्बोधन दिया। उनका कहना था कि "ज्ञान एक ऐसा धन है, जिसे जितना साझा किया जाए, वह उतना ही बढ़ता है।" ज्ञान की साझेदारी हेतु पुस्तकोपाहर एक बेहतरीन पहल है। किताबें दान करना न केवल पर्यावरण के लिए अच्छा है, बल्कि यह किसी ऐसे छात्र के भविष्य को भी संवार सकता है जिसके पास संसाधनों का अभाव है। एक छात्र के रूप में, आप हर साल नई कक्षाओं में जाते हैं और पुरानी किताबों को आलमारी के किसी कोने में छोड़ देते हैं या रद्दी में बेंच देते हैं लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आपकी ये उपयोग की हुई किताबें किसी जरूरतमंद छात्र के लिए सफलता की सीढ़ी बन सकती हैं। समाज में ऐसे कई बच्चे हैं जो आर्थिक अभाव के कारण महँगी किताबें नहीं खरीद पाते, पुस्तकें भेंट कर आप उनके शिक्षार्जन मार्ग को सुगम बना सकते हैं। नई पुस्तकों के सृजन में अनन्य वृक्षों की कटाई की जाती है। जब हम किताबों को पुनः उपयोग में लाते हैं, तो हम कागज़ की बचत करते हैं और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देते हैं। दान देने से परोपकार, सहानुभूति और साझा करने की भावना जागृत होती है, जो एक अच्छे नागरिक के गुण हैं। आपकी यह किताबें जो आपके लिए अब बेकार हैं, किसी और के लिए 'उपहार' हो सकती हैं। पुस्तकोपहार कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर आप न सिर्फ अपने छोटे भाई बहनों के सम्मान के अधिकारी बन रहे हैं बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा हेतु एक उत्तम योगदान भी कर रहे हैं। पुस्तकें दान करना पुनः उपयोग को बढ़ावा देकर पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान देता है। पुस्तकों पर धूल जमने देने या उनका निपटान करने के बजाय, दान इन संसाधनों के जीवन चक्र को बढ़ाता है और जिम्मेदार उपभोग की संस्कृति को प्रोत्साहित करता है। अपने उद्बोधन के अंत में प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया कि अप्रैल माह में प्रारंभ होने वाले इस नवीन सत्र के प्रथम पखवाड़े में पुस्तकोपहार कार्यक्रम अनवरत चलता रहेगा व आप सभी इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर पर्यावरण की सुरक्षा एवं जिम्मेदारी युक्त उपभोग की संस्कृति में अपना योगदान देंद्य कार्यक्रम का संचालन उत्कर्ष त्रिपाठी ने किया।

